दिल्ली-हरियाणा जल संकट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में दिल्ली के जल मंत्री ने **वज़ीराबाद बैराज** का दौरा किया और हरियाणा सरकार से [यमुना नदी](#) में **जल छोड़ने की अपील** की।

मुख्य बिंदु:

- वज़ीराबाद बैराज को हरियाणा से जल की आपूर्ति होती है जो चंद्रावल, ओखला और वज़ीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है।
- हरियाणा और दिल्ली के बीच जल विवाद क्षेत्र में **संसाधन आवंटन तथा प्रबंधन की चुनौतियों** को उजागर किया जाता है।

यमुना नदी

- **परिचय**
  - यमुना नदी उत्तर भारत में गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
  - यह विश्व के व्यापक जलोढ़ मैदानों में से एक **यमुना-गंगा मैदान** का एक अभिन्न भाग है।
- **स्रोत**
  - **इसका स्रोत निचली** हिमालय पर्वतमाला **में बंदरपूँछ शिखर के दक्षिण-पश्चिमी किनारों पर 6,387 मीटर की ऊँचाई पर यमुनोत्री ग्लेशियर में स्थित है।**
- **बेसिन**
  - यह **उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा** और **दिल्ली** से प्रवाहित होते हुए उत्तर प्रदेश के **प्रयागराज में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित होता है) स्थल पर गंगा** में मिल जाती है।
- **महत्त्वपूर्ण बाँध: लखवार-व्यासी बाँध** (उत्तराखंड), **ताज़ेवाला बैराज बाँध** (हरियाणा) आदि।
- **महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ: चंबल, सिंध, बेतवा और केन।**
- **यमुना नदी से संबंधित सरकारी पहल:**
  - **यमुना एक्शन**
  - फरवरी 2025 तक यमुना को साफ करने के लिये दिल्ली सरकार की छह सूत्री कार्य योजना।

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/delhi-haryana-water-crisis